कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय

काठाड़ीह, रायपुर 492013 (छत्तीसगढ़)

दूरभाष : 0771 2969202 ई–मेल examination.ktujm@gmail.com

क्रमांक ...1151.../परीक्षा विभाग/26 रायपुर, दिनांक ...12.../11/2026

//अधिसूचना//

विश्वविद्यालय की अध्ययन शालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर/पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी. छात्रों से सेमेस्टर परीक्षा जुलाई–दिसम्बर 2026 हेतु परीक्षा आवेदन ऑफलाइन के माध्यम से आंमत्रित किया जा रहा है। आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

क्र.	विवरण	दिनांक
1.	बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	16/11/2026 से 30/11/2026 तक
2.	₹ 60 विलंब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	01/12/2026 से 07/12/2026 तक
3.	₹ 60 विलंब शुल्क + ₹ 125 प्रति दिन की दर से (अतिरिक्त विलंब शुल्क) सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व तक

परीक्षा आवेदन – समस्त परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट **ktujm.ac.in** से प्राप्त कर सकते हैं

नोट –

01. आवेदन पत्र भरकर शुल्क एवं आवश्यक प्रपत्र के साथ अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला में जमा करें।
02. अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को भूतपूर्व छात्र/छात्रा के रूप में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि से पहले विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करना होगा तथा अनुमति पत्र परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

समस्त परीक्षार्थियों के लिए शुल्क विवरण –

क्र.	विवरण	शुल्क
1.	परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क	₹ 60 प्रति आवेदन
2.	स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के लिए	₹ 700 प्रति सेमेस्टर
3.	स्नातक स्तर के ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी के लिए	₹ 150 प्रति प्रश्न पत्र
4.	स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम के लिए (डिग्री/पी.जी. डिप्लोमा /एम.फिल. के लिए)	₹ 800 प्रति सेमेस्टर
5.	स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम के ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी के लिए (डिग्री/पी.जी.डिप्लोमा के लिए)	₹ 200 प्रति प्रश्न पत्र
6.	विश्वविद्यालय विकास शुल्क (केवल प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिये)	₹ 500

विश्वविद्यालय अध्ययन शाला एवं संबद्ध महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु तिथियॉं –

क्र.	विवरण	दिनांक
1.	बिना विलंब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	02/12/2026
2.	₹ 60. विलंब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	09/12/2026
3	₹ 60 विलंब शुल्क + ₹ 125 प्रति दिन की दर से (अतिरिक्त विलंब शुल्क) सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व तक

अध्ययनशालाओं एवं महाविद्यालयों हेतु निर्देश :–

01. विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये परीक्षा आवेदन पत्र विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेब साइट ktujm.ac.in से भी परीक्षा आवेदन पत्र प्रिंट कर भर सकते हैं। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन फार्म एवं निर्देश उनके व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से भी उपलब्ध कराएं।
02. निर्धारित शुल्क उपरोक्तानुसार होगा तथा परीक्षा आवेदन अग्रेषित किया जाना अनिवार्य है।
03. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के जिन विद्यार्थियों ने सेमेस्टर शिक्षण शुल्क जमा नहीं किया है। उनका परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिन्होंने पूर्व में परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है, उन्हें निर्धारित तिथि में फार्म, शुल्क रसीद व अन्य प्रमाण पत्रों के साथ जमा करना होगा। अन्यथा विलंब शुल्क उपरोक्तानुसार देय होगा।
04. विद्यार्थियों द्वारा आवेदन के साथ पूर्व परीक्षाओं की समस्त अंकसूचियों की स्व–प्रमाणित छाया प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।
05. ए.टी.के.टी. तथा समस्त मुख्य सेमेस्टर/भूतपूर्व परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों को अलग–अलग आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।
06. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी.जी. डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को स्नातक की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है।
07. कृपया आवेदन पत्रों की जाँच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षार्थी ने पर्यावरण विषय उत्तीर्ण कर लिया है।
08. परीक्षार्थियों द्वारा भरे हुए परीक्षा आवेदन पत्र नामिनल रोल, न्युमरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा के साथ विभागाध्यक्ष/प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर (मुहर सहित) शुल्क प्रमाणीकरण के पश्चात् जावक पंजी में दर्ज कर परीक्षा विभाग को सौंपे जाएं।
09. प्रतिदिन आवश्यक अभिलेखों में प्रविष्ठी कर कार्यवाही करें ताकि छात्र/छात्राओं द्वारा फार्म व शुल्क महाविद्यालय में जमा करने की तिथि से अगले दिन निर्धारित तिथि में फॉर्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने में असुविधा न हों।

नोट :–

01.समस्त महाविद्यालय छात्रों से प्राप्त आवेदन पत्र, अन्य अभिलेख एवं शुल्क प्राप्त कर रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जो कुलसचिव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के पद नाम से देय हो तैयार कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करें।

02. विभाग/महाविद्यालय में नियत समय में फॉर्म प्राप्त होने पर परीक्षा विभाग में समय पर फार्म भेजे जाना सुनिश्चित करने का दायित्व विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का होगा। परीक्षा विभाग में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि से तीन कार्य दिवस पश्चात् केवल विलंब शुल्क के साथ ही फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे।

03. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लें कि एटीकेटी/Promoted के छात्रों द्वारा एटीकेटी/Promoted परीक्षा हेतु अलग से परीक्षा फार्म भरा गया है।

(सुनील कुमार शर्मा)
कुलसचिव
रायपुर, दिनांक ...12.../11/2026

पृ.क्र. ...1152.../परीक्षा विभाग/26

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सहायक, कुलपति कार्यालय
02. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्ययनशाला,
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, छत्तीसगढ़।
04. वित्त अधिकारी/सहायक कुलसचिव एवं प्रभारी अधिकारी समस्त विभाग,
05. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को इस निर्देश के साथ कि उक्त अधिसूचना परीक्षा आवेदन पत्र सहित वेबसाइट में अपलोड करें
    ..... कुभाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)।
06. सूचना पटल में चस्पा हेतु।
07. संपादक समस्त स्थानीय समाचार पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव